Hindustan - Live Edition Ghaziabad
22.2.2017 Page 1
Height 6.91cm Width 4.14 cm

आधार कार्ड के लिए शुल्क तय

गाजियाबाद। आधार कार्ड में अगर कोई गड़बड़ी है तो उसे ठीक कराने के लिए शुल्क तय किया गया है। अगर इससे अधिक पैसे लिए गए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि आधार नामांकन निःशुल्क है। आधार कार्ड के ब्लैक एंड व्हाइट का प्रिंट 10 रुपये व कलर प्रिंट का शुल्क 20 रुपये तय है। प्लास्टिक आधार कार्ड 30 रुपये, नाम, पता व जन्म तिथि में सुधार 25 व बायोमैट्रिक अपडेट के लिए 25 रुपये देने होंगे। **(व.सं.)**